भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्ड॰ संख्या: *206
13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्ड॰का उत्तर

पेद्दापल्ली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना

†*206. श्री वामसि कृष्णा गद्दामः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को तेलंगाना के पेद्दापल्ली निर्वाचन क्षेत्र में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना के संबंध में कोई प्रस्ताव या अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने इस क्षेत्र की स्थिति मध्य में होने, यहां पर्याप्त भूमि की उपलब्धता, सड़क और रेल संपर्क सुविधा और इस क्षेत्र की स्वास्थ्य परिचर्या संबंधी आवश्यकताओं जैसे कारकों पर विचार करते हुए एम्स की स्थापना के लिए पेद्दापल्ली के एक उपयुक्त स्थल होने के संबंध में जांच की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या पेद्दापल्ली निर्वाचन क्षेत्र में एम्स की आवश्यकता का आकलन करने के लिए सरकार द्वारा कोई तकनीकी या व्यवहार्यता आकलन किया गया है अथवा ऐसा किया जाना प्रस्तावित है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या सरकार का विचार निकट भविष्य में पेद्दापल्ली में एम्स की स्थापना को स्वीकृति देने का है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उत्तरी तेलंगाना में स्वास्थ्य परिचर्या संबंधी कमियों को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जाने का विचार है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री
(श्री जगत प्रकाश नड्डा)

(क) से (ङ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

13 फरवरी, 2026 के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं.206 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ङ): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) का उद्देश्य देश में किफायती/विश्वसनीय विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं की उपलब्धता में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करना और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा की सुविधा को बढ़ाना है। अब तक, तेलंगाना के बीबीनगर में एम्स सहित इस योजना के तहत विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 22 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना को अनुमोदित किया गया है। मंत्रालय को पेद्दापल्ली, तेलंगाना सहित देश के विभिन्न हिस्सों में एम्स की स्थापना हेतु अनुरोध प्राप्त हुए हैं। पीएमएसएसवाई के तहत पेद्दापल्ली में एम्स की स्थापना से संबंधित कोई प्रस्ताव नहीं है।

इसके अतिरिक्त, पीएमएसएसवाई के एक अन्य घटक के तहत तेलंगाना राज्य में विशिष्ट स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए केंद्र-राज्य लागत भागीदारी के आधार पर 3 सरकारी मेडिकल कॉलेजों (जीएमसी) के उन्नयन का कार्य सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉकों के निर्माण के माध्यम से किया गया है, जिनमें (i) निज़ाम आयुर्विज्ञान संस्थान, हैदराबाद (ii) राजीव गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, आदिलाबाद और (iii) काकतीय मेडिकल कॉलेज, वारंगल शामिल हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण हेतु तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। वित्त वर्ष 2024-25 में, तेलंगाना राज्य के लिए एनएचएम के तहत 1110.43/- करोड़ रु. की केंद्रीय धनराशि दी गई थी।

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के तहत, पेद्दापल्ली में एक ब्लॉक सहित तेलंगाना राज्य के मेडिकल कॉलेजों/जिला अस्पतालों में 31 क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी) स्थापित करने की मंजूरी दी गई है।

******